लगातार बढ़ रहे जल स्तर से बाणसागर के गेट खुले

बाणसागर बांध का गेट खुलने से सोन नदी में करीब 2454 क्यूमेक्स छोड़ा जाएगा जल प्रवाह

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। बाणसागर बांध के 6 गेट खुलने से जल स्तर फिर बढ़ने लगा है। बाणसागर बांध का गेट खुलने से सोन नदी में करीब 2454 क्यूमेक्स जल प्रवाह छोड़ा जाएगा।

बाणसागर बांध के जल स्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा आज आधा दर्जन रेडियल गेटों को दोपहर खोल दिया गया। प्रत्येक गेट को दो-दो मीटर तक खोला गया है। आवश्यकता पड़ने पर इससे अधिक जल प्रवाह भी स्पिलओव्हर के माध्यम से सोन नदी में छोड़े जाने की बात भी कही गई है। दरअसल आज 30 अगस्त 2026 को सुबह 6 बजे बाणसागर बांध का जल स्तर 341.58 मीटर दर्ज किया गया था। जलाशय में लगातार पानी की आवक और कैचमेंट क्षेत्र में हो रही बारिश को देखते हुए बांध का निर्धारित जल स्तर बनाए रखने के लिए पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। बाणसागर बांध का पानी सोन नदी में छोड़े जाने के पूर्व ही सोन नदी के किनारे के गांवों के लिए अलर्ट जारी किया गया था। सीधी जिले के रामपुर नैकिन, चुरहट, गोपद बनास, सिहावल, बहरी तहसील क्षेत्र की सोन नदी के निचले इलाकों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है कि बाणसागर परियोजना से सोन नदी में पानी छोड़ने के बाद नदी का जल स्तर तेजी के साथ बढ़ेगा। ऐसे में नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्क रहना आवश्यक है। प्रारंभिक तौर पर बाण सागर के तीन गेट खोले गए थे, अब आधा दर्जन गेट फिर खोल दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर दो और गेटों को खोला जा सकता है। तेज बारिश के कारण पूर्व से ही सोन नदी उफान पर है। ऐसे में बाणसागर बांध का पानी भी सोन नदी में छोड़े जाने के बाद से जल स्तर में तेजी के साथ वृद्धि परिलक्षित होने लगेगी। चेतावनी में कहा गया है। कि सोन नदी के किनारे न जाएं। नदी का जल स्तर कभी भी काफी तेजी के साथ बढ़ सकता है इससे ग्रामीण स्वत: न जाएं और अपने मवेशियों को भी नदी के आसपास जाने से रोकें।

अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने अलर्ट मोड में रहें

जिले में लगातार हो रही वर्षा तथा अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत तथा संबंधित विभागों के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने निर्देश दिए कि सोन नदी, गोपद नदी, बनास नदी सहित जिले की सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर पर सतत निगरानी रखी जाए। नदी तट के समीप स्थित ग्रामों में विशेष रूप से जलस्तर की स्थिति पर कड़ी नजर रखते हुए आवश्यकतानुसार ग्रामीणों को समय पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नाव, तैराक एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की मैपिंग कर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए।

बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रभावी रणनीतियों पर हुआ मंथन

कक्षा 10वीं के शिक्षकों के प्रशिक्षण में 891 शिक्षक हुए प्रशिक्षित

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। जिले में शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में सुधार के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन एवं डीईओ पवन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 24, 25 एवं 27 अगस्त को टाटा कॉलेज सीधी में कक्षा 10वीं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का एक दिवसीय विषयवार प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में विशेषज्ञों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा शिक्षकों को नई एवं प्रभावी शिक्षण तकनीकों, कठिन प्रश्नों को सरल तरीके से समझाने, विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने तथा ब्लूप्रिंट एवं अनसॉल्व्ड पेपर के माध्यम से अधिक से अधिक अंक प्राप्त कराने की रणनीतियों की जानकारी दी गई। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शंभूनाथ त्रिपाठी ने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। एडीपीसी चंद्र प्रताप तिवारी, पीएम श्री चुरहट के प्राचार्य अशोक तिवारी एवं अमर बहादुर सिंह परिहार पूरे प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

एपीसी रमसा डॉ.सुजीत कुमार मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण में विषयवार हिंदी के 144, अंग्रेजी के 158, संस्कृत के 142, विज्ञान के 153, गणित के 163 तथा सामाजिक विज्ञान के 131 शिक्षक शामिल हुए। इस प्रकार कुल 891 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई तथा विद्यालय भवन की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक निर्देश व सुझाव दिए गए। वर्षा के दौरान यदि विद्यालय की छत पर पानी जमा हो रहा हो अथवा छत से पानी टपक रहा हो तो जलभराव को तत्काल दूर करने तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

एकलव्य टमसार की छात्रा मीनाक्षी ने बांधी राष्ट्रपति को राखी

नवभारत न्यूज

कुसमी 30 अगस्त। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टमसार की होनहार छात्रा मीनाक्षी सिंह के लिए रक्षाबंधन का पर्व बेहद खास और यादगार बन गया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयए टंसार में पढ़ने वाली मीनाक्षी को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधने का अवसर मिला। दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान मीनाक्षी सिंह ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। आदिवासी अंचल से निकलकर राष्ट्रपति भवन तक पहुंची मीनाक्षी की इस उपलब्धि को सीधी जिले और पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

मीनाक्षी ने यह संदेश भी दिया कि ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में रहने वाली प्रतिभाएं भी मेहनत और अवसर मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा ने भी इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व और सम्मान का अवसर बताया। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सिंह सहित समस्त स्टाफ ने मीनाक्षी सिंह को बधाई शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य कि कामना किये हैं।

महखोर पंचायत : बिना काम किए फर्जी बिल लगाकर 9 लाख रुपए की हुई निकासी!

नवभारत न्यूज

मड़वास 30 अगस्त। जिले के मझौली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत महखोर का सामने आया है, जहां पर 15वें वित्त के अनुसार सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर से पैसे निकाले जा सकते हैं जिसका फायदा उठाते हुए सरपंच-सचिव ने बिना काम करवाए सामुदायिक भवन का 9 लाख के लगभग हर फर्जी बिल लगाकर पैसा निकालने का मामला सामने आया है।

इसकी जानकारी अधिकारियों को मिलते ही जनपद कार्यालय मझौली में हड़कंप मच गया। बिना कार्य कराए जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं फिर भी पैसा कैसे निकाला जा सकता है। जब यह मामला सामने आया, सब हैरान रह गए। जिसको लेकर एसडीओ, सीईओ, इंजीनियर अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आए। उनके द्वारा कहा गया कि हमें इस बात कि जानकारी नहीं हुई। जब शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत की गई तो जनपद पंचायत सीईओ के निर्देश पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिसकी विधिवत जांच की जाएगी, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शासकीय पैसे का इतना गलत तरीके से उपयोग करने वाले सरपंच-सचिवों के ऊपर स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी क्यों मेहरबान रहते हैं कि उनकी हिम्मत बिना काम करवाए 9 लाख रुपए जैसे निकालने की हिम्मत पड़ जाती।

इनका कहना है

ग्राम पंचायत महखोर से 9 लाख रूपये निकले हैं, काम शुरू करना था लेकिन बारिश शुरू हो गई।

कैलाश गुप्ता, सरपंच महखोर

मेरे द्वारा पंचायत की जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगी गई लेकिन नहीं दी गई, जिससे मैं खुद पता करने की कोशिश की तो सामुदायिक भवन जो 20 लाख रुपए काम करवाने के लिए आया था, जिसमें बिना काम किए ही 9 लाख सरपंच-सचिव द्वारा निकाल लिया गया। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा लिखित रूप में जनपद पंचायत मझौली सीईओ के पास की गई है।

राधा कृष्ण तिवारी, ग्रामीण महखोर

मुझे ग्राम पंचायत महखोर के ग्रामीण द्वारा आवेदन दिया गया है कि सामुदायिक भवन के लिए जो पैसा आवंटित किया गया था बिना काम कराए ही 9 लाख रूपये निकल गए। आवेदन प्राप्त होने के साथ ग्राम पंचायत महखोर से जवाब मांगा गया है जिसके बाद जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

सुश्री सुरभि श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत मझौली

विश्व हिन्दू महासंघ सीधी ने सावन के प्रत्येक दिन आयोजित किया ओम नम : शिवाय जाप

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। हिन्दुओं को एक साथ संगठित करने एवं भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से श्रावण मास के प्रत्येक दिन अलग-अलग घरों में शाम को गीत संगीत, भजन कीर्तन, ओम नम: शिवाय जाप, हनुमान चालीसा पाठ एवं विशाल आरती व भंडारा का आयोजन विश्व हिन्दू महासंघ सीधी द्वारा किया गया। तत्पश्चात 28 अगस्त को सभी कलाकारों एवं कार्यकर्ताओं को सप्रेम भेंट एवं पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम स्थानीय ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र जमोड़ी में सम्पन्न हुआ। जहां पर सेवा केन्द्र की व्यवस्थापिका अरुणा बहन ने सभी भक्तजनों को रक्षाबंधन पर्व पर एक सूत्र में बांधने एवं नशामुक्ति का संकल्प दिलाते हुए कलाई में रक्षा सूत्र बांध कर सुख समृद्धि और स्वस्थ्य रहने की कामना प्रभु शिव बाबा जी से की। आयोजित समारोह में रामशिरोमणि तिवारीए, पं.शंकर्षण प्रसाद मिश्र, गजाधर सिंह, विपिन पाण्डेय, रविकर सिंह बाघेल, मन्नू सिंह गाड़ा, एड.अशोक पटेल, गोविन्द पांडेय, अनूप तिवारी मझरेटी, आदर्श मिश्रा, रावेन्द्र पांडेय, संतलाल विश्वकर्मा, विकास मिश्रा, विकास विश्वकर्मा इत्यादि को पुष्प वर्षा एवं पुरस्कार स्वरूप सप्रेम भेंट शहर के गणमान्य नागरिक विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान, पूर्व भाजपा अध्यक्ष द्वय इन्द्र शरण सिंह चौहान, केके तिवारी, विंध्य प्रभारी राजेश सिंह द्वारा सौंपा गया।

छात्राओं ने पुलिस भाइयों को बांधी राखी एवं सीमा पर तैनात जवानों को भेजा रक्षा सूत्र

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। रक्षाबंधन पर गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल मडरिया की छात्राओं में देशभक्ति और भाई बहन के प्रेम का अनोखा संगम देखने को मिला। गुरुकुल की छात्राओ ने जहां एक तरफ पुलिस प्रशासन को राखी बांधकर पुलिस से रक्षा का वचन लिया, वही दूसरी तरफ देश की सीमा पर तैनात सेना के जवानों के लिए रक्षा सूत्र भेजकर सभी को भावुक कर दिया।

विगत दिवस गुरुकुल की छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाओ के साथ सीधी कोतवाली पहुंच कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कलाई पर वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ तिलक लगाकर राखी बांधी एवं मिठाई खिलाई। इस दौरान छात्राओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन दिन-रात हमारी सुरक्षा करता है इसलिए हमारा कर्तव्य है हम उन्हें अपना भाई मानकर सम्मान दें। इसी कार्यक्रम के दूसरे चरण मे छात्राओ ने भारतीय सेना के लिए विशेष रूप से अपने हाथों से निर्मित राखी पैक कर भारतीय डाक सेवा द्वारा सरहद पर तैनात जवानों के लिए राखी भेजकर ये साबित कर दिया कि पूरा देश उनका परिवार है साथ मे छोटा स संदेश भी लिखकर भैया, आप सरहद पर है इसीलिए हम सुरक्षित है के माध्यम से संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, प्रबंधक नीरज सिंह चौहान, प्राचार्य सुनील द्विवेदी, प्रशासिका सौरभी पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ द्वारा बच्चियों को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की गई।

एक नजर में

शिकायत पर एसडीएम ने किया चेकडैम का निरीक्षण

सीधी। पड़वारी नाला पांड में चेकडैम से संबंधित प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली आकाश अग्रवाल आईएएस ने मौके पर पहुंचकर चेकडैम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल का बारीकी से अवलोकन कर चेकडैम की वर्तमान स्थिति, निर्माण एवं आसपास की परिस्थितियों की जानकारी ली। एसडीएम श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर वस्तुस्थिति का परीक्षण किया तथा आवश्यकतानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थल की स्थिति पर आवश्यक निगरानी रखने एवं जनहित से जुड़े विषयों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा आदिवासी बालक आश्रम शाला छिंदहा टोला का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने आश्रम शाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौमाता को गौ-सेवकों ने ठेले में ले जाकर कराया उपचार

सीधी। कलेक्टर एवं प्रशासनिक अधिकारी भले ही यह बोल रहे हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग में पशुओं को लेकर व्यवस्था कराई जाएगी लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं देखी जा रही है। इसी तरह का नजारा शनिवार एवं रविवार की रात करीब 1:30 बजे सम्राट चौराहा के पास देखने को मिला, जहां कोतर कला में अज्ञात वाहन ने गौमाता को टक्कर मार दी और तड़पता हुआ छोड़कर भाग गया। रात का समय होने के कारण जब किसी भी सरकारी या स्थानीय हेल्पलाइन से कोई मदद या एम्बूलेंश की सुविधा नहीं मिली तो गौसेवकों ने फैसला लिया कि हम उन्हें मरते हुए नहीं देख सकते। हमारे पास साधन नहीं था फिर भी गौमाता को हांथ ठेले में लेकर पशु अस्पताल में ले जाया गया। इस दौरान शिवेन्द्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, विकास गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, आशीष गुप्ता, शिब्बू गुप्ता, मोहित गुप्ता, केशव मिश्रा सहित सभी का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

लबालब हुआ बरचर बांध, चला उलाट, अगस्त माह में ही भर गया बांध

नवभारत न्यूज

कुसमी 30 अगस्त। कई साल बाद बरचर बांध का बेस्ट बियर से उलाट चलना चालू हो गया है। बरचर बांध इस समय लबालब भरा हुआ है, जिसे देखने के लिए काफी लोगों कि भीड़ उमड़ पड़ी है।

सबसे बड़ी बात यह है कि मछली मारने वालों कि भीड़ बनी है, यदि समय रहते इंतजाम नही किया गया तो कोई बड़ी अनहोनी घटना भी हो सकती है। 30 अगस्त को सुबह से ही कई गांव के लोग बरचर बांध पहुंच रहे हैं। विभाग को चाहिए कि बांध मे कर्मचारियों को तैनात किया जाय अन्यथा कोई अप्रिय घटना घट सकती है। देखने वालों की भीड़ तो बनी ही है लेकिन इस समय मछली मारने वालों की भीड़ ज्यादा देखने को मिल रही है। बरचर बांध का ओव्हर फ्लो नदी का पानी काफी तादात मे बह रहा है। ज्ञात हो कि कई वर्षों बाद बरचर बांध तीसरी बार उलाट चली है। इसके पूर्व वर्ष 1993, 2003 और अब 2026 में उलाट चली है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि अगस्त में ही बरचर बांध पूरी तरह से लबालब भर गया है। जबकि पूरी बरसात अभी बांकी है, इतना पानी भर गया है कि उलाट का पानी अब बरचर नदी में बह रहा है। बरचर बांध का जल स्तर तकरीबन 23 साल बाद बढ़ गया है।

10 फिट लंबे अज़गर का ग्रामीणों ने सूझ-बूझ से किया रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम बरदैला पंचायत अगड़ाल में बीते रात्रि 11 बजे बस्ती में 10 फिट लंबे अज़गर की दस्तक से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीणों का कहना था कि हम ने जंगल विभाग और रेस्क्यू करने वालों से फोन पर बात की लेकिन जवाब नकारात्मक आया, फिर ग्रामीणों ने अच्छी सूझ बूझ दिखाई और खुद एक प्लास्टिक के ड्रम में अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में सकुशल छोड़ दिया। अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू में विवेक मिश्रा, अंकित गर्ग, शुभम, सागर, शत्रुध्न की सराहनीय भूमिका रही। इन लोगों ने सभी ने आग्रह किया है कि आसपास इस तरह के जीव-जंतु दिखे तो इनको नुकसान ना पहुंचाएं।

खजुलैया में पूर्व छात्र नेताओं का जेल के बाद फिर हुआ मेल

इंडियन कॉफी हाउस सीधी में सुख-दुख किया साझा, संस्मरण सुनाया

नवभारत न्यूज

सीधी 30 अगस्त। खजुलैया त्यौहार के अवसर पर छात्र जीवन में जेल के साथी 47 साल बाद कल इंडियन कॉफी हाउस सीधी में मिले। आपस में सुख-दुख साझा किया, संस्मरण सुनाया। मुख्य अतिथि उस जमाने के छात्र नेता तथा पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला रहे।

उपस्थित साथियों में विजय सिंह, डॉ.गणपति मिश्रा, सिया शरण शर्मा, तुलसीदास मिश्रा, सोमेश्वर द्विवेदी, सुरेश तिवारी, नर्मदा तिवारी, अम्बरीष सिंह परिहार, सोमेश्वर सिंह, राजेंद्र शुक्ला, पीतांबर तिवारी तथा डॉ.रजनीश तिवारी प्रमुख रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी ने मुख्य अतिथि केदारनाथ शुक्ला का माल्यार्पण से स्वागत किया। मुख्य अतिथि केदारनाथ शुक्ला ने कहा कि उस जमाने में हम सभी युवा थे, आज बुजुर्ग हो गए हैं। 50 साल पहले उस जमाने में भी आप सभी का छात्र आंदोलन एक तरह का जेन जी आंदोलन था। उन्होंने सलाह दिया कि इस मित्र मिलन कार्यक्रम को विस्तारित करके निरंतर खजुलैया के दिन प्रत्येक वर्ष रखा जाए ताकि प्रेम संबंध जन्म जन्मांतर बने रहे। वरिष्ठ लेखक तथा पत्रकार सोमेश्वर सिंह ने कहा-यह जीवन एक कुरुक्षेत्र है। सामाजिक जीवन में हम सभी महाभारत युद्ध की तरह एक पात्र हैं। कोई कृष्ण है-कोई सुदामा, कोई कर्ण है-कोई अर्जुन, तो कोई द्रोण है या भीष्म। हम सभी को अपने-अपने हिस्से का युद्ध लड़ना पड़ता है किंतु इस युद्ध में एक अद्भुत साम्यता है। सभी योद्धा समर्पित हैं इंद्रप्रस्थ की तरह इस मातृभूमि के लिए। कॉलेज के भूतपूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय सिंह ने अपने संस्मरण में कहा कि वक्त के साथ चेहरे भले पुराने पड़ जाएं किन्तु दिल के रिश्ते कभी पुराने नहीं होते। यह रिश्ते ऐसे हैं जिन्हें समझने समझाने में शब्द भी कम पड़ जाएंगे। बस इन्हें महसूस किया जा सकता है। छात्र राजनीति में केदार भैया नेतृत्व कर्ता थे। उन्हीं के अगुआई में आंदोलन होता था। छात्र संघ चुनाव में केदार भैया के पैनल का दबदबा रहता था।

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष तथा शासकीय अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद तिवारी ने कहा कि 1978-79 के चुनाव में विजय सिंह प्रेसिडेंट तथा मैं सेक्रेटरी का चुनाव जीता था। जुलूस निकला था, अग्रिम पंक्ति में सुरेश तिवारी भी चल रहे थे बस स्टैण्ड के पास कुछ लोगों ने भी विवाद कर दिया। जीत का जुनून था।

फिर क्या-ए जुलूस विरोध स्वरूप कोतवाली पहुंच गया। आधी रात तक घेराव चला। गिरफ्तारी हुई पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड को खुली जेल बनाया गया। पुलिस जानबूझकर गिरफ्तारी पंचनामा के बहाने टाइम पास करती रही। जिससे थक हार कर स्टूडेंट घर चले जाएं।

सैकड़ो साथी गिरफ्तारी देने के लिए अडिग रहे। गिरफ्तारी हुई सुबह सेंट्रल जेल रीवा ले जाया गया। मित्र मिलन कार्यक्रम में जेल के दिवंगत सहयात्री साथियों के बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कुंवर अर्जुन सिंह की यादें हुई ताजा

चर्चा के दौरान सुरेश तिवारी ने कहा कि लगभग तीन महीने जेल में रहे। उसी दरमियान म.प्र. के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय अर्जुन सिंह को अन्य कांग्रेसियों के साथ गिरफ्तार कर जेल लाया गया था। एक ही बैरक नंबर पांच में थे। दीपावली जेल में ही बीती थी। बाहर से किसी शुभचिंतक ने कांग्रेसियों के लिए फल-फूल मिठाई भेजी थी। कुंवर साहब ने बैरक नंबर पांच में बंद सभी लोगों को मिठाइयां बंटवाई। बैरक नंबर पांच राजनीतिक बंदियों के लिए आरक्षित था। कुंवर साहब ने केदार भैया से पूछा- शुक्ला जी मिठाई खाई, केदार भैया ने कटाक्ष किया- कुंवर साहब जेल में मिठाई नहीं मिलती।